# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न

By **Poonam Sagar** - September 12, 2023

4 0

**बल्लबगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं को कपड़े के कैरी बैग बनाने की कला सिखाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर 12 सितंबर 2023 को संपन्न हुआ। यह शिविर एसडीजी क्लब के बैनर तले 29 अगस्त 2023 को शुरू किया गया था। विभिन्न कक्षाओं से 20 छात्रों ने भाग लिया और उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए बदलाव लाने की मानसिकता के साथ सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया। उन्होंने पुराने और इस्तेमाल किए हुए कपड़ों जैसे चादर, पर्दे वगैरह से कपड़े के कैरी बैग बनाना सीखा। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्लास्टिक बैग के बजाय कपड़े के कैरी बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि कपड़े के बैग पर्यावरण के लिए गैर विषैले होते हैं और कई बार उपयोग किए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कपड़े के कैरी बैग सूक्ष्मजीवों द्वारा विघटित हो जाते हैं और इसलिए पृथ्वी पर कोई प्रदूषण नहीं होता है। विद्यार्थियों ने कपड़े के कैरीबैग बनाकर अपनी रचनात्मकता और उत्साह दिखाया यह शिविर डॉ. गीता गुप्ता की देखरेख में आयोजित किया गया। समापन समारोह में डॉ. मनोज शुक्ला संयोजक एसडीजी क्लब, डॉ. रेखा सैन भी उपस्थित थे। छात्रों को जागरूक करने के लिए 28 अगस्त 2023 को बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।